शहर की 9 टंकियों की सफाई कीटाणुशोधन का कार्य पूरा

अगले 11 दिनों में शेष 11 टंकियों की होगी चरणबद्ध सफाई

नवभारत न्यूज

सतना, 31 जुलाई. नगरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित पेयजल टंकियों एवं जल शोधन संयंत्रों की चरणबद्ध सफाई, धुलाई एवं कीटाणुशोधन का अभियान निरंतर जारी है।

23 जुलाई से प्रारंभ हुए इस विशेष अभियान के अंतर्गत अब तक 9 टंकियों की सफाई का कार्य पूरा हो चुका है। वहीं अगले 11 दिनों में शेष 11 टंकियों की चरणबद्ध सफाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शहर की टंकियों से लेकर फिल्टर प्लांट की चरणबद्ध सफाई का अभियान 23 जुलाई से शुरू हुआ था। पूरा निर्धारित कार्य योजना के अनुसार 20 दिन तक जारी रहने के बाद यह सफाई अभियान 11 अगस्त को पूरा होगा। इसी कड़ी में शुक्रवार को अभियान के अंतर्गत अशोक विहार पेयजल टंकी की वैज्ञानिक पद्धति से सफाई, धुलाई एवं कीटाणुशोधन किया गया। इस दौरान टंकी की आंतरिक सतह की गहन सफाई, कीटाणुशोधन एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप आवश्यक तकनीकी प्रक्रिया अपनाई गई। सफाई कार्य पूर्ण होने के बाद जल गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक परीक्षण की प्रक्रिया अपनाई गई।

महापौर ने की अपील

महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने नागरिकों से अपील की है कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिन क्षेत्रों में सफाई कार्य किया जा रहा है, वहां जलापूर्ति अस्थायी रूप से प्रभावित हो सकती है। ऐसे क्षेत्रों के नागरिक आवश्यकतानुसार पूर्व में पेयजल का भंडारण कर निगम के इस जनहितैषी अभियान में सहयोग प्रदान करें।

11 तक चलेगा अभियान

आगामी कार्यक्रम के अनुसार 01 अगस्त को धवारी पेयजल टंकी, 02 अगस्त को जवाहर नगर टंकी, 03 अगस्त को सिविल लाइन टंकी, 04 अगस्त को बगहा टंकी, 05 अगस्त को परेरी टंकी, 06 अगस्त को फिल्टर प्लांट (डब्ल्यूटीपी) टंकी, 07 अगस्त को सांसद निवास टंकी, 08 अगस्त को ट्रांसपोर्ट नगर टंकी, 09 अगस्त को नजीराबाद टंकी, 10 अगस्त को फिल्टर प्लांट क्लेरिफायर तथा 11 अगस्त को फिल्टर प्लांट सम्प वेल की चरणबद्ध सफाई एवं कीटाणुशोधन का कार्य किया जाएगा।

स्कूल जा रही छात्राओं पर ब्लेड से हमला

छेड़छाड़ का विरोध करना पड़ा भारी, जांच में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज

सतना, 31 जुलाई. शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह स्कूल जा रही चार छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आई। छात्राओं ने विरोध किया तो बाइक सवार आरोपितों ने ब्लेड से हमला कर दिया। इस हमले में दो छात्राओं के हाथ में चोटें आई हैं। शोर मचाने पर सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

थाना प्रभारी रावेंद्र द्विवेदी के अनुसार, छात्राएं अपने घर से प्रेमनगर स्थित स्कूल की ओर जा रही थीं। इसी दौरान बिना नंबर की बुलेट और एक अन्य बाइक पर सवार चार युवक उनका पीछा करते हुए पहुंचे। सभी आरोपितों ने अपना चेहरा ढंक रखा था। आरोप है कि एक युवक ने छात्रा का हाथ पकड़ लिया। छात्राओं ने साहस दिखाते हुए विरोध किया और आरोपी से खुद को छुड़ाने का प्रयास किया। इसी दौरान एक आरोपी ने ब्लेड निकालकर हमला कर दिया, जिससे दो छात्राओं के हाथ में चोट आई। घटना के बाद छात्राओं के शोर मचाने पर चारों आरोपी फरार हो गए। घटना के बाद छात्राएं घर लौटीं और अपने परिजनों को पूरी जानकारी दी।

पाक्सो का मामला दर्ज

पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ पोक्सो और छेड़छाड़ की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। आरोपितों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपितों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

नवविवाहिता की संदिग्ध मौत को लेकर हंगामा

मायके पक्ष ने लगाए दहेज की मांग को लेकर हत्या करने के गंभीर आरोप

नवभारत न्यूज

सतना, 31 जुलाई. जिले के कोटर थाना क्षेत्र में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है.

इस घटना के बाद इलाके में तनाव और सनसनी का माहौल है. जहां एक तरफ ससुराल वाले इसे खुदकुशी कह रहे हैं, वहीं लड़की के परिवार ने दहेज के लिए हत्या का गंभीर आरोप लगाया है. जिसके चलते जिला चिकित्सालय परिसर में मोर्चूरी के सामने काफी देर तक हंगामा होता रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना कोटर कस्बे की है. यहां रहने वाली आकांक्षा की लाश घर के स्टोर रूम में फंदे पर लटकी हुई मिली. आकांक्षा की शादी 24 नवंबर 2025 को यादवेंद्र कचेर के साथ हुई थी. अभी शादी को ज्यादा समय नहीं बीता था कि यह दुखद घटना हो गई. मृतका के मायके पक्ष का कहना है कि उन्होंने शादी में करीब 10 लाख रुपये खर्च किए थे. परिजनों का आरोप है कि इतनी बड़ी रकम देने के बाद भी ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे. वे लगातार एक कार और अतिरिक्त नकदी की मांग कर रहे थे. मांग पूरी न होने पर आकांक्षा को परेशान किया जा रहा था. परिजनों का दावा है कि मांग पूरी न होने के कारण ही आकांक्षा की हत्या कर दी गई और इसे आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे से लटका दिया गया. मृतका के पिता ने छह लोगों के खिलाफ हत्या का आरोप लगाया है. इनमें पति यादवेंद्र कचेर, ससुर रामलाल, सास आशा, जेठ आवेंद्र, जेठानी नीलम और देवर नागेंद्र शामिल हैं

शव वाहन को रोका- नवविवाहिता की मौत से आक्रोशित मायके पक्ष के लोगों ने मृतका के शव को ले जा रहे शव वाहन को रोकते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने समझाइश देते हुए बताया कि कोटर पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर लिया है. तहसीलदार की मौजूदगी में पंचनामा तैयार किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. वरिष्ठ अधिकारी खुद इस मामले की निगरानी कर रहे हैं ताकि निष्पक्ष जांच हो सके।

सुसाइड नोट पर विवाद

पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें कथित तौर पर अवैध संबंधों की बात लिखी गई है. हालांकि, मृतका के पिता ने इस नोट को सिरे से खारिज कर दिया है. पिता का कहना है कि उनकी बेटी अनपढ़ थी और वह अपना नाम तक नहीं लिख पाती थी. ऐसे में सुसाइड नोट लिखना नामुमकिन है. उन्होंने पुलिस से इस कथित नोट की गहनता से जांच करने की मांग की है.

नगर वन के पास मिले गुमशुदा किशोर के कपड़े और चप्पल

एसडीआरएफ की टीम ने शुरू किया नहर में सर्च ऑपरेशन

नवभारत न्यूज

सतना, 31 जुलाई. कोलगवां थाना क्षेत्र से चार दिन पहले लापता हुए 15 वर्षीय प्रांशु माखीजा का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

शुक्रवार को नगर वन के पास नहर किनारे उसके कपड़े और चप्पल मिलने के बाद अनहोनी की आशंका गहरा गई है। सूचना मिलते ही पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम के साथ नहर में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। पीएम आवास, उतैली वार्ड क्रमांक-22 निवासी प्रांशु माखीजा 27 जुलाई की शाम करीब 6 बजे दोस्त सुमित के घर जाने की बात कहकर घर से निकला था। रात 8 बजे तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। अगले दिन 28 जुलाई को कोलगवां थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। शुक्रवार को एक किसान ने नहर किनारे कपड़े और चप्पल पड़े होने की सूचना प्रांशु के परिजनों को दी। प्रांशु की मां कोमल माखीजा ने मौके पर पहुंचकर कपड़ों की पहचान अपने बेटे के रूप में की। इसके बाद सीएसपी देवेंद्र सिंह चौहान और कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

अंधेरा होने पर रुका अभियान

पुलिस ने तत्काल क्षेत्र की घेराबंदी कर एसडीआरएफ के गोताखोरों की टीम बुलाई। गोताखोरों ने पहले नहर में उतरकर आसपास तलाशी अभियान चलाया। इसके बाद बोट के माध्यम से लगभग एक किलोमीटर के क्षेत्र में सघन सर्च अभियान चलाया गया। मौके पर बड़ी संख्या में परिजन और कॉलोनीवासी भी एकत्र हो गए थे। लेकिन शुक्रवार की देर शाम अंधेरा होने पर अभियान रोक दिया गया। वहीं दूसरी ओर पुलिस नहर और आसपास के क्षेत्र में तलाश अभियान जारी रखने के साथ ही मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है।

दुकान में कब्जे को लेकर बवाल

सतना, 31 जुलाई. जयस्तम्भ चौक स्थित कम्युनिटी मार्केट में एक दुकान में कब्जे को लेकर आज सुबह जबरदस्त हंगामा हुआ। एक पूर्व पार्षद के साथ पहुंचे लोगों ने गाली गलौज करते हुए दुकानदार से दुकान खाली करने को कहा। आरोप मारपीट के भी हैं। पीड़ित पक्ष ने कोतवाली पुलिस से शिकायत में बताया कि मामला न्यायालय में है और न्यायालय ने दूसरे पक्ष को तलब किया है। शाम को एक बार पुन: कब्जे के प्रयास में झूमा झटकी हुई।

अनदेखी और रिश्वतखोरी के चलते नवजात की मौत आरोप

नवभारत न्यूज

सतना, 31 जुलाई. जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं और कर्मचारियों की घोर लापरवाही का एक बेहद दुखद पहलू तब सामने आया जब नागौद क्षेत्र के पास स्थित राजापुर गांव की निवासी पूनम पांडे के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन, डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ पर गंभीर लापरवाही तथा रिश्वत लेने के आरोप लगाए।

परिजनों का दावा है कि डिलीवरी के दौरान समय पर इलाज और देखभाल न मिलने के कारण पेट के अंदर ही नवजात शिशु की मौत हो गई। अस्पताल में मौजूद मरीज की परिजन महिला ने बताया कि राजापुर (नागौद) निवासी पूनम पांडे को डिलीवरी के लिए अस्पताल लाया गया था। शुरुआत में पूजा रानी और डॉक्टर समीर गुप्ता की देखरेख में केस लिया गया था और आश्वासन दिया गया था कि पूरा ध्यान रखा जाएगा। सुबह लगभग 10:00 बजे डॉक्टर ने आकर मरीज को देखा और सब कुछ सामान्य (नॉर्मल) होने की बात कही। परिजनों के अनुसार, दर्द बढ़ने पर और बच्चे का सिर दिखने लगने के बावजूद स्टाफ ने ध्यान नहीं दिया। परिजनों का आरोप है कि बार-बार बुलाने और पैसे (घूस) देने के बावजूद भी कर्मचारियों ने समय पर सही देखभाल नहीं की। दोपहर 2:00 बजे लंच टाइम का हवाला देकर संबंधित स्टाफ मरीज को तड़पता छोड़कर चला गया और दूसरी मैडम के आने की बात कही। जब दूसरी मैडम आईं, तो उन्होंने बताया कि उन्हें पहले से इस केस के बारे में कोई जानकारी या हैंडओवर ही नहीं दिया गया था। परिजनों का कहना है कि यदि दूसरी मैडम समय पर न पहुंचतीं, तो नवजात के साथ-साथ प्रसूता की जान भी चली जाती। समय पर चिकित्सा सहायता न मिलने के कारण बच्चे की पेट के अंदर ही मौत हो गई।

कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई की मांग

पीड़ित पक्ष का का कहना है कि जब केस हाथ में लिया था तो पूरी जिम्मेदारी निभानी चाहिए थी। अगर स्थिति संभाली नहीं जा रही थी तो समय रहते मना कर देते। घूस लेने के बाद भी मरीज पर ध्यान नहीं दिया गया और लंच के नाम पर मरीज को छोड़ दिया गया। घटना के बाद से पीड़ित परिवार सदमे में है और उन्होंने लापरवाही बरतने वाले चिकित्सा कर्मियों के खिलाफ सख्त कानूनी एवं प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की है।

जले ट्रांसफॉर्मर और खाद की किल्लत पर कांग्रेस ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

अमरपाटन, 31 जुलाई. 31जुलाई अमरपाटन क्षेत्र में लंबे समय से जले पड़े बिजली के ट्रांसफार्मरों और उर्वरक की गंभीर किल्लत से परेशान किसानों के हक में शुक्रवार को कांग्रेस सड़क पर उतर आई।

पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक डॉ. राजेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला और एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन से पूर्व एक निजी मैरिज गार्डन में विशाल किसान सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. राजेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि खरीफ सीजन के दौरान अमरपाटन क्षेत्र के दर्जनों गांवों में बिजली के ट्रांसफार्मर महीनों से जले पड़े हैं, जिससे सिंचाई ठप हो चुकी है। दूसरी ओर, खाद की लगातार किल्लत के कारण किसानों को समय पर उर्वरक नहीं मिल पा रहा है, जिसका सीधा असर फसलों की पैदावार पर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन और प्रदेश सरकार किसानों की इन बुनियादी समस्याओं को लेकर पूरी तरह उदासीन बनी हुई है। रैली निकाल किया प्रदर्शन, उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

सभा के पश्चात विधायक डॉ. सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और किसानों ने एक विशाल रैली निकाली। नारेबाजी करते हुए सभी तहसील परिसर पहुंचे और एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर निम्नलिखित मुख्य मांगें रखीं जिसमें गांवों में जले पड़े बिजली ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदला जाए। सोसायटियों और केंद्रों पर किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

संत शिरोमणि रविदास जी की कलश यात्रा का हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज

सतना, 31 जुलाई. संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की 650 वीं जयंती के अवसर पर भाजपा द्वारा चलाये जा रहे सामाजिक समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुमेर सिंह सोलंकी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मनीषा सिंह के नेतृत्व में चल रही रथ यात्रा का सतना जिले के ग्राम बेला में प्रवेश करने पर भाजपा जिलाध्यक्ष पं भगवती प्रसाद पांडे ने स्वागत किया.

रामपुर विधायक विक्रम सिंह के नेतृत्व एवं जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र दाहिया की विशेष मौजूदगी में भव्य स्वागत किया गया ! रथ यात्रा रामपुर, सिधौली, माधवग?, कृपालपुर होते हुए सतना पहुंची जिसका जगह जगह स्वागत किया गया ! रथ यात्रा के पार्टी कार्यालय में पहुंचने पर कलश पूजन किया गया ! कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश महामंत्री सांसद सुमेर सिंह सोलंकी ने संत रविदास को महान संत, समाज सुधारक, कवि और भक्त बताते हुए कहा कि उन्होने अपने जीवन मे समानता, प्रेम, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। संत रविदास ने जातिपाति, ऊंच नीच और समाजिक भेदभाव का विरोध किया। उनका मानना था कि सभी मनुष्य ईष्वर की संतान है.

शहर के 4 वार्डों में हुआ दवा का छिड़काव

नवभारत न्यूज

सतना, 31 जुलाई. वर्षाकाल के दौरान डेंगू, मलेरिया एवं अन्य मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर पालिक निगम सतना द्वारा फॉगिंग अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को शहर के 4 वार्डों में फॉगिंग कराई गई

स्वास्थ्य अधिकारी अरविन्द प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 4, 6, 7 एवं 42 के विभिन्न क्षेत्रों में फॉगिंग मशीन के माध्यम से दवा का छिड़काव कर मच्छरों के प्रकोप पर प्रभावी नियंत्रण की कार्रवाई की गई। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार संवेदनशील क्षेत्रों एवं मच्छरों की अधिकता वाले स्थानों पर फॉगिंग कराई गई। अभियान का उद्देश्य मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम कर नागरिकों को सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना है। स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार निगम द्वारा आगामी दिनों में भी निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार शहर के अन्य वार्डों में चरणबद्ध रूप से फॉगिंग अभियान जारी रखा जाएगा।

शासकीय कॉलेज अमरपाटन में हर्षोल्लास से मनाया गया महर्षि सांदीपनि पर्व

नवभारत न्यूज

अमरपाटन, 31 जुलाई. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 'महर्षि सांदीपनि पर्व' मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और गुरु वंदना के साथ हुआ.

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि महर्षि सांदीपनि का आश्रम समानता और अनुशासन का प्रतीक था, जहाँ श्रीकृष्ण और सुदामा ने साथ शिक्षा ली थी. उन्होंने जोर दिया कि आज के तकनीकी युग में भी गुरु का स्थान कोई यंत्र नहीं ले सकता संस्कार केवल गुरु के सानिध्य से मिलते हैं. समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. एस. के. त्रिपाठी जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल और छात्र नेता सतीश गुप्ता ने भी विचार रखे. राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रभारी डॉ. सोनालिका त्रिपाठी के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. आरती तिवारी ने किया. वही डॉली खेमचंदानी ने आभार व्यक्त किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ.इस दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे.

वैश्य समाज का संभागीय सम्मेलन 6 सितम्बर को सतना में

नवभारत न्यूज

सतना, 31 जुलाई. वैश्य महासम्मेलन के रीवा संभागीय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर सर्किट हाउस चौक स्थित वैश्य महासम्मेलन जिला कार्यालय में संभागीय अध्यक्ष लखन लाल केसरवानी के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं जिला प्रभारी राजीव गुप्ता नगर प्रभारी अभिषेक जैन की उपस्थिति में आगामी 6 सितम्बर 2026 को सतना में आयोजित होने वाले रीवा संभागीय सम्मेलन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए संभागीय अध्यक्ष लखन लाल केसरवानी ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य संगठन को और अधिक सशक्त बनाना तथा आजीवन सदस्यता अभियान को गति देना है। उन्होंने बताया कि सभी समाजों के अध्यक्षों से संपर्क कर सदस्यता अभियान को व्यापक बनाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को महासम्मेलन से जोड़ा जा सके।

एक नजर में

सतना की बेटी गार्गी सिंह परिहार ने रचा इतिहास

सतना. जिले के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। आरपीएस मार्शल आर्ट्स एंड फिटनेस एकेडमी की वरिष्ठ खिलाड़ी, जिले की एकमात्र एकलव्य पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ी एवं बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की ब्रांड एंबेसडर गार्गी सिंह परिहार ने 11वीं अखिल भारतीय पुलिस जूडो क्लस्टर 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर सीआईएसएफ मध्यप्रदेश और सतना जिले का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया। इसके साथ ही गार्गी ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की ओर से टीम कुमिते स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक भी अपने नाम किया। एक ही प्रतियोगिता में स्वर्ण एवं रजत पदक जीतकर उन्होंने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र का आगमन कल

सतना। मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान जी दिनांक 2 अगस्त 2026 दिन रविवार को सुबह 6 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से सतना रेलवे स्टेशन पहुंचेगे । तत्पश्चात सर्किट हाउस सतना में किसान कांग्रेस एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात करेंगे एवं 11:30 पर पन्ना के लिए प्रस्थान करेंगे। यह जानकारी किसान कांग्रेस के ज़िलाध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने देते हुए बताया कि जिला किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं ब्लॉक अध्यक्षों के साथ बैठक कर आगामी कार्ययोजना पर संवाद करेंगे ।

माईडियर के निधन पर जताया शोक दी श्रद्धांजलि

सतना. जदयू नेता और अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने पूर्व पार्षद हाजी इकबाल माईडियर के निधन पर शोक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका निधन एक अपूर्तिनीय क्षति है उन्होंने लंबे समय तक एक पार्षद और समाजसेवी के रूप में जनता की सेवा की और उनके हितों के लिए अनवरत लगे रहे निश्चित ही उनका निधन दुखद और पीड़ादाई है मैं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति और परिवार को सहन शक्ति प्रदान करने प्रार्थना करता हूं।

अमृत हरित महाअभियान का आगाज आज

सतना। हरित एवं पर्यावरण समृद्ध सतना के निर्माण तथा जनभागीदारी से वृक्षारोपण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम सतना द्वारा राज्य शासन के निर्देशन में संचालित अमृत हरित महाअभियान एवं 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत शनिवार सुबह 10:00 बजे वार्ड क्रमांक 22 स्थित नारायण तालाब में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।